# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विश्व वेटलैंड्स डे के अवसर पर गोंडा के पार्वती अरगा पक्षी विहार में 'हम सभी के भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण' विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री योगी ने विभिन्न पुस्तकों का विमोचन, प्रदर्शनी का अवलोकन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जलीय पारिस्थितिकी ही नहीं, बल्कि जीव–जंतु की पारिस्थितिकी भी वेटलैंड्स पर निर्भर करती है। यह प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ ध्यान आकर्षित करने का माध्यम भी बनती है।

**जितने भी प्राकृतिक झील होती है यानी वेटलैंड्स होती है यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है यह भूजल संरक्षण के लिए सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता बढ़ और सूखे पर नियंत्रण कार्बन भंडारण और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों और अन्य प्राणियों और स्थानीय पक्षियों के संरक्षण के साथ ही साथ भोजन औषधि और आजीविका के वह आए के संसाधन उपलब्ध करवाने में यह वेटलैंड की एक बड़ी भूमिका है**

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को सैफई के अतिरिक्त कुछ नहीं दिखता, जब सत्ता में आते हैं तो अपने परिवार के लिए कार्य करते हैं।

**बहनों और भाइयों यह विकास विरोधी भी हैं लोक कल्याण विरोधी भी हैं उनकी दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती है ये सैफई के बाहर नहीं सोच सकते हैं जब सत्ता में आते हैं तो अपने परिवार का भरण पोषण करके सारे पद एक परिवार को दे दिए जाते हैं और इसलिए मिल्कीपुर का चुनाव अभी आज राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव भी बन गया है।**

उधर, समाजवादी पार्टी सहित अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से प्रचार किया। उल्लेखनीय है कि पांच फरवरी को होने वाले मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार कल शाम को थम जाएगा।

**********

प्रयागराज महाकुम्भ में देश और विदेश से आए श्रद्धालुओं के पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। आज दोपहर दो बजे तक लगभग सन्तानबें लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। कल प्रयागराज में बसंत पंचमी स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा एवं मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत आज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी केन्द्र पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने कहा कि जहां भी भीड़ एकत्र हो उस क्षेत्र के पुलिस बल को तत्काल फोन करके अवगत कराएं और श्रद्धालुओं की भीड़ को लगातार आगे बढ़ने का निर्देश दिया जाए। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**********

महाकुम्भ पर बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर पूरे प्रयागराज मंडल के डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भनगर के साथ ही शहर व मंडल के सभी डॉक्टर सजग रहेंगे। 1200 से अधिक मेडिकल फोर्स महाकुम्भनगर में पूरी तरह से तैयार हैं। आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त मेडिकल टीमों को बैकअप के रूप में तैयार रखा गया है। साथ ही 3–4 दिनों तक सभी डॉक्टरों को मेले क्षेत्र में ही तैनात रखा जाएगा।

**********

बसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान के पर्व पर रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलायेगा। इससे लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को सुव्यवस्थित और सुलभ बनाया जाएगा। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए, उत्तर मध्य रेलवे के, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिये, रेलवे ने व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जंक्शन और आठ अन्य रेलवे स्टेशनों पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ से लेस कुल 34 मेडिकल बूथ बनाये गये है। जो प्लेटफार्म और यात्री आश्रय शेड पर उपलब्ध है।

**********

पीलीभीत जक्शन पर आज गोरखपुर एक्सप्रेस को जिले के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री प्रसाद ने कहा कि यह ट्रेन पीलीभीत तक विस्तारित होने से जनपद व आसपास की जनता को लाभ होगा और व्यापार भी बढ़ेगा। यहां के लोगों की पहुंच राजधानी लखनऊ व गोरखपुर तक आसान होगी।

**********